BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 19 सितम्बर, 2024 **थाना गुलावठी**

बैंको में जाकर लोगो के जेब/थैले काटकर रुपये चोरी करने वाली 02 शातिर माहिला चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 39,200/- रुपये नकद व ब्लेड बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19-09-2024 को थाना गुलावठी पुलिस द्वारा 02 शातिर महिला चोरो को चोरी किये गये 39,200/- रुपये सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तताओं की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तताओं को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तताओं का नाम पता-

1. कुन्ती पत्नी मजनू निवासी ग्राम गुलखेड़ी थाना बोडा जनपद राजगढ भोपाल मध्य प्रदेश।
2. रिहाना पत्नी ईश्वर निवासी कड़िया थाना बोडा जनपद राजगढ भोपाल मध्य प्रदेश।

बरामदगी का विवरणः-

1. 39,200/- रुपये नकद
2. ब्लेड व ब्लेड के टूकेड

गिरफ्तार अभियुक्तता अपनी अन्य महिलाओ साथियो के साथ मिलकर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रो के बैंको में जाकर वहां रुपये जमा करने व निकालने वाले सीधे साधे लोगो को निशाना बनाकर ब्लेड से उनकी जेबे व थैले काटकर रुपये चोरी कर फऱार हो जाती थी।

गिरफ्तार अभियुक्ताओं द्वारा अपनी अन्य साथियों के साथ दिनांक 09.09.2024 को थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति इंडियन नेशनल बैंक में रुपये जमा करने जा रहे थे तो रास्ते में उनका बैग काटकर रुपये चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुअसं- 329/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है।

अभियुक्ताओं द्वारा अपनी अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 06.01.2024 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत मौ0 रामवाडा स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र से एक व्यक्ति का थैला काटकर रुपये चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-14/24 धारा 379/411 भादवि पंजीकृत है।

अभियुक्ताओं द्वारा अपनी अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 04.03.2024 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत कबाडी बाजार स्थित स्टेट बैंक में एक् व्यक्ति का थैला काटकर रुपये चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं-155/24 धारा 379/411 भादवि पंजीकृत है

अभियुक्ता कुन्ती व रिहाना का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 329/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना गुलावठी जिला बुलन्दशहर
2. मुअसं- 14/24 धारा 379 भादवि चालानी थाना सिकन्द्राबाद जिला बुलन्दशहर
3. मुअसं- 155/24 धारा 379/411 भादवि थाना खुर्जा नगर जिला बुलन्दशहर

थाना गुलावठी पुलिस टीम-

1. श्रीमती सुनिता मलिक प्रभारी निरीक्षक थाना गुलावठी
2. म0उ0नि0 रजनी मावी, उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार
3. का0 अमित कुमार, म0का0 नर्वदा

मीडिया सेल, बुलंदशहर